भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न** संख्या-942
उत्तर देने की तारीख-10/02/2025

## केंद्रीय विश्वविद्यालयों को आबंटित निधियों का उपयोग

**†942. श्री यूसुफ पठानः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पाँच वर्षों में विभिन्न श्रेणियों में इन विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय-वार आबंटित निधि का ब्यौरा क्या है; और
(ख) विगत पाँच वर्षों में विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों द्वारा शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) और (ख): शिक्षा मंत्रालय "केंद्रीय विश्वविद्यालयों को अनुदान" योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को एकमुश्त अनुदान जारी करता है, जो बदले में केंद्रीय विश्वविद्यालयों (सीयू) को उनकी आवश्यकताओं, पिछले वर्षों में निधि के उपयोग आदि के आधार पर निधि आवंटित करता है। शिक्षा मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों को पिछले पांच वर्षों के दौरान जारी की गई निधि और उसके उपयोग का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

*रूपए करोड़ में*

| **वर्ष** | **जारी की गई निधि** | **उपयोग की गई निधि** |
|---|---|---|
| 2019-20 | 8,098.73 | 8,098.73 |
| 2020-21 | 8,735.58 | 8,735.58 |
| 2021-22 | 9,045.45 | 9,045.45 |
| 2022-23 | 11,379.86 | 11,287.43 |
| 2023-24 | 12,661.19 | 12,290.21 |

*****